www.lagatar.in मंगलवार 19 मार्च 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 09, संवत 2080 पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 वर्ष : 1, अंक : 331 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


### वज्रपात के दौरान एक घंटे बंद रखी गई बिजली

# बारिश-थंडरिंग से आफत, घंटों बत्ती गुल


विशेष संवाददाता। रांची

सोमवार को दोपहर बाद चली तेज हवा, थंडरिंग और बारिश बिजली आपूर्ति व्यवस्था के लिए आफत बन गयी. करीब 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से सोमवार को तेज हवा चलने व वज्रपात के साथ मूसलाधार बारिश से रांची शहर की बिजली आपूर्ति चरमरा गई. थडरिंग होने दौरान एतिहातन सब स्टेशनों से बिजली बंद कर दी गयी. मगर मौसम खुलने के बाद देर शाम तक रांची के कई इलाकों में अंधेरा पसरा रहा.

**पेड़ गिरने से लाइन ब्रेक डाउन :** कई जगहों में बिजली तार में पेड़ के डाल गिरने से ब्रेक डाउन की समस्या उत्पन्न हो गयी. इसके कारण दर्जनों मोहल्लों में दो से तीन घंटे बिजली आूपर्ति ठप्प हो गई. इसके अलावा कई जगहों ट्रांसफार्मर में खराबी आने व फ्यूज उड़ने की समस्या काफी हुई. देर शाम तक रिमझिम बारिश होते रहने के कारण मरम्मत कार्य में दिक्कत हुई.

इससे लोगों को घंटों बाधित बिजली आपूर्ति से रूबरू होना पड़ा. थंडरिंग के दौरान फीडरों से आधे से एक घंटे तक बिजली बंद कर दी गई थी. परंतु बारिश जब हल्की हुई तो सभी फीडरों को क्रमवार चालू किया गया. इसके बाद कई जगहों में बाधित बिजली आपूर्ति की समस्या मिलनी शुरू हो गई. जिसे देर शाम तक मरम्मत कर दुरुस्त किया गया.

### बारिश के दौरान आई लोकल फॉल्ट की समस्या



#### थोड़ी देर की बारिश से सड़कें हो गईं जलमग्न

## शहर हुआ पानी-पानी, परेशान रहे लोग



**रांची ।** शहर में सोमवार कि शाम करीब आधे घंटे की बारिश के बाद सड़कों पर जगह-जगहर पानी भर गया. सड़कों की स्थिति ने नगर निगम के सभी दावों की पोल खोल कर रख दी. थोडे देर की बारिश के बाद शहर का प्रमुख इलाका अपर बाजार लगभग जल मग्न हो गया. लोगों को आने-जाने जाने के लिए 2 से 3 फीट तक नाले के पानी में घुसना पड़ा. अपर बाजार कि सड़क ही नाले की तरह बह रही थी. लोग किसी तरह अपने वाहनों को निकालने का प्रयास कर रहे थे. बता दें कि शाम के चार बजे ही आंधी, तूफान और तेज बारिश के कारण पूरे शहर में अंधेरा छा गया. एयरपोर्ट रोड और सेवा सदन हॉस्पिटल के सामने समेत कई इलाकों में तेज हवा के कारण पेड़ भी गिर गये. नगर निगम के द्वारा ठीक से नालियों की सफाई नहीं करने के कारण शहर के कई इलाकों में नालों का गंदा पानी सड़क पर बहने लगा. पानी जमने का नजारा हिंद पीढ़ी, आजाद बस्ती कांटा टोली, हरिजन बस्ती, लक्ष्मी नगर, रातू रोड समेत अन्य इलाकों में देखने को मिला.

### अचानक होने लगी बारिश

मौसम विभाग ने पहले ही 18 मार्च को तेज हवा और तूफान के साथ बारिश होने का पूवार्नुमान लगाया था. दोपहर 4 बजे तक मौसम सामान्य रहा, लेकिन अचानक आंधी तूफान और बारिश होने लगी. तेज हवा और बारिश से कई दुकानों के साइन बोर्ड समेत सड़क पर रखे सामान उड़ गए. अचानक बारिश होने के कारण जिसको जहां जगह मिली वहीं बारिश से बचने के लिए आश्रय लेकर छुप गया.

### कहां क्या-क्या हुआ

**रांची वेस्ट डिवीजन :** वज्रपात कारण आधे से एक घंटे बिजली बंद रखी गई. इससे रातू चट्टी, मांडर, रातू रोड, इटकी, बेड़ो, चान्हो, बचरा, रातू रोड इलाके में पावर सप्लाई बंद रही, लोग हुए परेशान.

**न्यू कैपिटल डिवीजन :** जज कॉलोनी समीप एलटी लाइन में पेड़ की डाल गिर गई थी. जिससे मरम्मत के कारण कांके रोड आसपास के इलाकों में दो घंटे से अधिक समय बिजली आपूर्ति ठप रही. वहीं, कांके इलाके में लोकल फॉल्ट के कारण घंटों बिजली नहीं रही.

**कोकर डिवीजन :** थड़पकना, हैदर अली रोड सहित अन्य इलाकों में ट्रांसफार्मर में समस्या आई थी. जबकि कुछ जगहों में फ्यूज उड़ने व लोकल फॉल्ट के कारण बाधित बिजली आपूर्ति रही. यहां बारिश नहीं रुकने के कारण मरम्मत कार्य में विलंब हुआ और कई इलाकों में शाम तक अंधेरा पसरा रहा.

**डोरंडा डिवीजन :** ब्रेक डाउन की समस्या आ गई थी. डोरंडा, हिनू में पेड़ की डाल बिजली तार में गिर गया था. इसके मरम्मत में घंटों लग गया और चार घंटे से ज्यादा देर शाम तक मरम्मत कार्य जारी रहा. इससे मणि टोला, फिरदौस नगर सहित आसपास के इलाके प्रभावित रहे.

**रांची सेंट्रल डिवीजन :** ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने की समस्या बनी रही. जिसके कारण एक घंटे से ज्यादा समय के लिए कई मोहल्लों में बिजली बाधित रही. इससे कडरू, सरना टोली, पुल टोली सहित अन्य इलाके प्रभावित रहे.

### गौशाला न्यास समिति : ट्रस्टी और पदाधिकारियों पर लगातार लगाये जा रहे आरोप


# सदस्य हमलावर...पदाधिकारी मौन

राजन बॉबी। रांची

गौशाला न्यास समिति के ट्रस्टी और पदाधिकारियों पर चौतरफा हमले शुरू हो गये हैं. 135 सदस्यों को मान्यता नहीं दिये जाने से खफा सदस्यों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है. वहीं समाज के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तो आरोप-प्रत्यारोप की झड़ी लगी हुई है. पदाधिकारियों पर तरह-तरह के आरोप लगाये जा रहे हैं. सोशल मीडिया ग्रुप में लानत-मलामत की जा रही है. ज्यादातर सदस्य जहां माननीयों पर तानाशाही करने का आरोप लगाते हुए हमलावर बने हुए हैं, वहीं अब किशन गोपालका ने भी प्लीडर्स नोटिस भेज कर पदाधिकारियों के खिलाफ युद्ध का विगुल फूंक दिया है. इसके बावजूद खुद को गौशाला का खेवनहार बतानेवालों पर इसका असर नहीं पड़ रहा है. 135 सदस्यों को मान्यता नहीं दिए जाने और गौशाला की जमीन कम कीमत पर बेचे जाने से संबंधित जो सवाल उठाये जा रहे हैं, उसका कोई ठोस जवाब किसी के पास नहीं है.

कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का साफ- साफ कहना है कि उनकी जिम्मेवारी सिर्फ गौशाला की देखरेख करने की है. सुप्रीम पावर तो ट्रस्टी के पास होता है, वहीं सारे सवालों का जवाब देंगे, जबकि कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार स्वयं ट्रस्टी भी हैं. वे सिर्फ इतना कह कर टाल देते हैं कि विचार-विमर्श चल रहा है. अन्य ट्रस्टी भी गौशाला के विवाद को लेकर जानकारी देने से पल्ला झाड़ रहे हैं. सभी का कहना है कि चेयरमैन रतन जालान ही विवादों के मामले में जवाब देंगे. चेयरमैन और एक-दो ट्रस्टी ने ही 110 सदस्यों को मान्यता नहीं देने और जमीन बिक्री मामले को जायज ठहराया है. साथ ही किशन गोपालका के दावे को बेमानी बता रहे हैं. इनका कहना है कि गोपालका के साथ त्रिपक्षीय एकरारनामा हुआ है, उसके हस्ताक्षर से ही राजकुमार केडिया और संजीव खीरवाल को जमीन बेची गयी है.

## अब किशन गोपालका ने भेजा प्लीडर्स नोटिस



### पत्र लिखकर जमीन की रजिस्ट्री करने की लगायी थी गुहार

किशन गोपालका का कहना है कि 3 जनवरी 2019 को पत्र लिख कर गोपालका प्रोजेक्ट के नाम से जमीन रजिस्ट्री की गुहार लगायी थी. पत्र प्राप्त कर कई ट्रस्टियों ने रिसीविंग भी दी थी. बावजूद उनके सारे अनुरोध को ठुकरा कर वर्ष 2021 में राजकुमार केडिया और संजीव खीरवाल को जमीन बेच दी गयी. बाद में केडिया को उपकृत करने के लिए उन्हें ट्रस्टी भी बना लिया. चेयरमैन रतन जालान सफाई देते हैं कि 2014 में त्रिपक्षीय एग्रीमेंट हुआ है. एकदम झूठ है. किशन बताते हैं कि उन्हें न तो कोई जवाब दिया गया और न ही उनका जमा पैसा ही लौटाया गया. बल्कि मुझे जानकारी दिये बैगर ही जमीन बेच दी गयी. वह भी मेरे साथ हुए करार के तय मूल्य पर ही सात साल बाद जमीन की रजिस्ट्री की गयी. आखिर यह कैसे किया गया.

### 1.17 एकड़ जमीन डबल डीड के चक्कर में फंसी

उन्होंने बताया कि 1.17 एकड़ जमीन पर डबल डीड का मामला है. 04.95 एकड़ भूमि पर अदालती मामला चल रहा है, जिसका विधिक शुल्क देकर वे केस लड़ रहे थे. जमीन पर दूसरों का कब्जा था. खाली कराने के लिए उन्होंने काफी बड़ी रकम खर्च की. सीमांकन के लिए पिलर आदि लगाने और भूमि को समतल कराने में काफी खर्च किया. इतना करने के बाद गौशाला के माननीयों का यह कहना कि वे जमीन खरीदने से पीछे हट गये थे, सरासर गलत है. अपने दावे और उसकी सच्चाई के सारे सबूत उनके पास हैं. अभी प्लीडर नोटिस भेजा है. यदि समझौता नहीं होता है, तो मामला अदालत में ले जायेंगे. माननीयों को भी अदालत में घसीटेंगे. किसी को छोड़ेंगे नहीं. न्याय के लिए अंतिम दम तक लडेंगे.

### देर है अंधेर नहीं, सब उजागर हो जाएगा : किशन गोपालका

गोपालका प्रोजेक्ट के मालिक किशन गोपालका ने कहा कि सच्चाई छुप नहीं सकती. देर है, पर अंधेर नहीं. कौन सच्चा है और कौन झूठा, उजागर हो जाएगा.



उन्होंने बाढ़ू मौजा स्थित गौशाला की 15.95 एकड़ जमीन के बारे में बताया कि इसका एग्रीमेंट अप्रैल 2013 में उनके साथ किया गया था. गौशाला न्यास समिति के पूर्व सचिव सज्जन सर्राफ ने मार्च 2014 में 06.88 एकड़ भूमि (डीड नं. 2526/1930) की रजिस्ट्री 48,62,500 रुपये में कर दी. रजिस्ट्री मूल्य के अलावा उसी दिन 21 लाख रुपये का चेक उन्होंने गौशाला न्यास समिति के पास अग्रिम राशि के रूप में जमा करा दिया. फिर 25 अप्रैल 2016 को गोपालका प्रोजेक्ट के नाम से 20 लाख रुपये पुन: एडवांस के रूप में दिया. किशन बताते हैं कि जमीन खरीदने के एवज में गौशाला को कुल 1,39,62,500 रुपये जमा किये जा चुके हैं, जिसमें सिर्फ तय करार के अनुरूप मात्र 83 लाख रुपये की जमीन ही रजिस्ट्री की गयी.

#### आखिरी 486 वें सेगमेंटल बाक्स का कास्टिंग पूरा होने के साथ पूजा

## कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में आई तेजी

प्रमुख संवाददाता। रांची

बहुप्रतीक्षित कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण राज्य सरकार द्वारा तय सीमा में पूरा हो जाएगा. जल्द ही रांचीवासियों को कांटाटोली फ्लाईओवर की सौगात मिलेगी. इस क्रम में सोमवार को फ्लाईओवर के सड़क का प्रारूप देने वाले आखिरी 486 वें सेगमेंटल बाक्स की कास्टिंग का काम पूरा कर लिया गया. फ्लाईओवर के निर्माण के क्रम में अब कुल 42 स्पैन ( दो पिलरों के बीच की दूरी ) में से 27 स्पैन पर सेगमेंटल बाक्स चढाने का काम पूरा कर लिया गया है. जिसमें 325 सेगमेंटल बाक्स चढाये गये हैं. शेष 15 स्पैन पर 160 सेगमेंटल बाक्स चढाने का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा. सभी 486 सेगमेंटल बाक्स की कास्टिंग पूरी हो चुकी है.

**सर्विस रोड का काम करीब-करीब पूरा :** यातायात की सुगमता बहाल करने के लिए सर्विस रोड के अधिकांश पथों पर सड़क का निर्माण शुरू किया जा चुका है. सर्विस लेन पर भी कालीकरण का काम प्रगति पर है. सिर्फ जहां एप्रोच और रैंप निर्माण का काम बाकी है वहीं तकनीकी कारणों से सर्विस लेन का काम अभी शुरू नहीं हुआ है, वहां भी शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा. एप्रोच रोड यानी फ्लाईओवर के ढलान को भी बनाने का काम तेजी से तेजी से चल रहा है. एप्रोच के नीचे दुकानें बनायी जा रही हैं.

**विद्युत उपस्करों का काम पूरा :** इस बीच निर्माण में बाधक सभी विद्युत उपस्करों को हटाने का काम भी पूरा कर लिया गया. पानी के पाइपलाइन के शिफ्टिंग को पूरा करने के लिए जुडको के निर्देश पर संवेदक द्वारा ससमय काम पूरा करने का काम अंतिम चरण में है. उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कांटाटोली फ्लाईओवर का निरीक्षण किया था और उच्चस्तरीय बैठक में निर्माण कार्य अगस्त तक पूरा करने का निर्देश दिया था.

### खास बातें

- 42 स्पैन में से 27 पर सेगमेंटल बाक्स चढाया गया
- सर्विस लेन में भी आई तेजी, रैंप एप्रोच वाले स्थान पर काम शीघ्र

## किशोरगंज चौक के पास इंटरनेशनल कॉल सेंटर में सीआइडी की छापेमारी

संवाददाता। रांची

अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) की रांची टीम को सोमवार को किशोरगंज चौक के पास स्थित बीएम हाइट्स में अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर चलाये जाने की सूचना मिली. सूचना का सत्यापन करने पर पाया गया कि एकरामुल अंसारी और रविकांत मिलकर रिकी कंसल्टेंसी सर्विसेज, जीजी इंफोटेक और अरज्ञा ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्जी कॉल सेंटर का संचालन कर रहे हैं. इसके बाद सीआइडी की टीम ने कॉले सेंटर में छापेमारी कर कई डिवाइस, हार्ड डिस्क सहित दस्तावेज सीज कर लिया. सीआइडी की टीम कॉल सेंटर की गतिविधियों की गहनता से जांच कर रही है.

**दो शिफ्ट में 15 से 30 युवा कर रहे नौकरी :** जानकारी के अनुसार, कॉल सेंटर में छापेमारी के दौरान सीआइडी की टीम को जानकारी मिली कि सेंटर से यूके, ऑस्ट्रेलिया सहित अन्य दूसरे देशों के नगरिकों को इंटरनेट कॉलिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग कर कॉल किया जाता था. सेंटर संचालकों ने दो शिफ्ट में विदेशी नागरिकों को कॉल करने के लिए 15-30 लोगों को नौकरी पर नियुक्त कर रखा था. सीआइडी की टीम ने शिफ्ट स्तर पर तैनात कर्मचारियों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की. कॉल सेंटर के ये कर्मचारी कैसे काम कर रहे थे, कैसे विदेशी नागरिकों को ठगी के लिए फंसा रहे थे, इसकी पड़ताल सीआइडी कर रही है.

**30 कंप्यूटर सिस्टम में मिले विदेशी नागरिकों के डेटा :** जांच के दौरान कॉल सेंटर के सभी 30 कंप्यूटर सिस्टम की जांच की गयी, जिसमे कई विदेशी नागरिकों का डेटा एवं प्राइवेट डेटा भी मिला.

### बाजार | यूएसए, चाईना, बंगाल और बेंगलुरु के फल पहुंचे रांची, महंगाई की भी पड़ रही मार

# रमजान में फलों का बाजार गुलजार, रोजेदार उठा रहे लुत्फ

रेहान अहमद। रांची

रमजान उल मुबारक के आज 7 रोजे हो गये. रोजेदार इफ्तार में चना, पकौड़ी, नमकी के साथ फलों का भी सेवन करते हैं. रमजान के मौके पर फल विक्रेताओं की भी अच्छी बिक्री होती है. मेन रोड डेली मार्केट के संचालक मो इमरान एवं मो शमीम ने बताया कि रमजान को खास ध्यान में रख कर यूएसए, जमर्नी, चाइना, बंगाल, इलाहाबाद से उम्दा फलों का समूह जुटाया गया है. लाल, हरे सेब, राकेट सेब, आलूबोखारा, स्ट्राबेरी, कीवी, पपीता, आम, अंगूर की मांग अधिक है. रमजान को लेकर हर दिन फलों की बिक्री अच्छी हो रही है.

**यहां भी मिल रहे फल :** मेन रोड अल्बर्ट एक्का चौक के निकट, हरमू बाजार, कडरू, डोरंडा, बरियातु, अरगोड़ा, लालपुर, चुटिया, स्टेशन रोड, हटिया, धुर्वा, पहाड़ी टोला, कांटा टोली, पत्थलकुदवा, डंगरा टोली, बहु बाजार, पुंदाग, कर्बला चौक, सर्जना चौक आदि में मिल रहे हैं.

### खास बातें

- रमजान को ध्यान में रख कर दुकानदारों ने मंगाये फल
- सेब की दर्जनों वेराइटी से अटा पड़ा है पूरा बाजार
- शहर के हर चौराहे पर लगी हैं फलों की दुकानें

### लाल, हरे, राकेट सेब, आलू बोखारा, स्ट्राबेरी, कीवी, पपीता, आम, अंगूर की मांग अधिक

| रमजान के फल | कहा के | प्रति किलो |
|---|---|---|
| तरबूज | हैदराबाद/लोकल | 25/30 रुपये |
| आम बैगनफूली | यूपी मुरादाबाद | 280 रुपये |
| आम अल्फांसों | यूएसए/बंग्लुरू | 750 रु. 6 पीस |
| स्ट्रोबैरी | यूएसए | 80 रुपये |
| केला | नासिक/चिनिया | 50-70 रु. दर्जन |
| फूजी सेब | चाइना | 400 रुपये |
| ग्रीन सेब | यूएसए | 320 रुपये |
| आलुबोखारा | यूएसए | 480 रुपये |
| चीकू | बंगाल | 160 रुपये |
| खरबूजा | यूपी | 100/120 रुपये |
| अमरूद | हैदराबादी/लोकल | 60/120 रुपये |
| रमजान के फल | कहा के | प्रति किलो |

| | | |
|---|---|---|
| कीवी | यूएसए | 40 रूपये पीस |
| अंगूर | लोकल/नासिक | 100-180 रूपये |
| संतरा | लोकल | 60 रुपये |
| पपीता | लोकल | 60 रुपये |
| अनार | यूपी/बंगाल | 180 रुपये |
| रेड सेब | यूएसए | 400 रुपये |
| अन्नास | बंग्लुरू | 80/210 रुपये |
| राकेट सेब | यूएसए | 360 रू. 5 पीस |



# झॉलीवुड कलाकारों के होली मिलन में मस्ती

संवाददाता। रांची





झॉलीवुड के कलाकारों ने सोमवार को केंद्रीय धुमकुड़िया भवन करमटोली में सोमवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मुकुंद नायक शामिल हुए. समारोह की अध्यक्षता राजमोर्या और मनु राज ने किया. कार्यक्रम की शुरूआत नागपुरी गीत और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर किया गया. कलाकार गुमला, लोहरदगा और खूंटी समेत अन्य स्थानों से पहुंचे थे. शहनाई के सुरीले आवाज, ढोल, नगाड़ा और मांदर के थापों पर कलाकार खूब झूमे और मस्ती की. मौजूद कलाकारों ने आपस में एकदूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली का बधाई दी. इस अवसर पर पद्मश्री मुकंद नायक ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है. होली मिलन समारोह में मुकुंद नायक, मोनु राज, प्रवीण कुमार, वर्षा ऋतु,जोया एक्का, आदित्य प्रसाद, सूरज मुंडा, रवि तिग्गा, विजय लोहरा और मनीष तिर्की समेत कई कलाकार शामिल हुए.

# विवि प्रशासन 22 मार्च तक करेगा परीक्षाफल की समीक्षा

संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले स्नातक सेमेस्टर-फोर के विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विवि प्रशासन 22 मार्च तक परीक्षाफल की समीक्षा करेगा. इसके साथ ही सेमेस्टर-फाइव के परीक्षा फार्म भरने की तिथि में यथोचित विस्तार किया जायेगा. परीक्षा विभाग से प्राप्त आकड़ों के अनुसार 18 मार्च तक सेमेस्टर-फाइव के कुल 28,150 विद्यार्थियों में से 23,764 ने परीक्षा फार्म सफलतापूर्वक भर लिया है. वहीं सेमेस्टर-फोर के 1,314 विद्यार्थियों के मध्यावधि सेमेस्टर परीक्षा के अंक, संबंधित महाविद्यालयों से प्राप्त नहीं होने के कारण उनका परीक्षा परिणाम लंबित है.

संबंधित महाविद्यालयों से मध्यावधि परीक्षा अंक प्राप्त होते होने के बाद ही परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया जाएगा. रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा परिनियम के अनुसार किसी भी विद्यार्थी को अपने सेमेस्टर-वन से फोर तक के कुल 20 विषय-पत्रों में से कम-से-कम 12 विषय-पत्रों में उतीर्ण होना अनिवार्य है. शर्तें पूरी करने के पश्चात ही छात्रों को सेमेस्टर-फाइव की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी.

## ब्रीफ खबरें

### सरला बिरला विवि में एक्सपर्ट टॉक आयोजित

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'भारत के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं प्रबंधन' विषय पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन हुआ. स्कूल ऑफ हिस्टोरिकल स्टडीज, नालंदा विश्वविद्यालय के प्रो. राजीव रंजन चतुर्वेदी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने अलग-अलग देशों के बीच आपसी संबंधों की उपयोगिता और इसके विभिन्न आयामों पर चर्चा की. इस दौरान उन्होंने दीर्घकालीन सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक और नवीन अन्वेषणों को आवश्यक बताया. आपसी टकराव को टालने वाले संबंधों को वैश्विक बेहतरी के लिए जरूरी बताया.

### 15 दिवसीय ईद मेला 27 मार्च से शुरू होगा

**रांची।** अल कुरआन अकेडमी की ओर से 15 दिवसीय ईद मेले का आयोजन मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा हॉल में किया जा रहा है. आयोजन 27 मार्च से आरंभ होगा. इस मेले में कपड़े, जूते-चप्पल, कॉस्मेटिक, बच्चे व महिलाओं की सज्जा सामग्री, खाने-पीने के स्टॉल भी लगेंगे. हिंदपीढ़ी के मिल्ली कम्यूनिटी हॉल में ईद मेले का आयोजन किया गया था. जिसकी सफलता के बाद यहां आयोजित किया जा रहा है. मेले में एक छत के नीचे सारी चीजें उपलब्ध होंगी.

### नये आर्च बिशप आज पदभार ग्रहण करेंगे

**रांची** । फादर बुल्के पथ स्थित लोयला मैदान में मंगलवार सुबह 10.30 बजे नये आर्चबिशप विसेंट आइंद पदभार ग्रहण करेंगे. पदभार ग्रहण समारोह की अध्यक्षता पूर्व आर्च बिशप फेलेक्स टोप्पो और बिशप थियोडर मस्करेन्हास करेंगे. इनकी अगुवाई में समारोह आयोजित होगा. पोप के प्रतिनिधि लियोपोरदो जेरेली पोप का संदेश सुनायेंगे. इसके साथ आर्च बिशप विसेंट आइंद को स्टाफ (डंडा) सौंपेंगे. इसमें राज्यभर के बिशप, 400 फादर, एक हजार सिस्टर एवं धर्म बहनें समेत हजारों मसीही परिवार शामिल होंगे.

### संत फ्रांसिस चर्च में लगी आग, कुर्सियां जल गईं



**रांची।** हरमू स्थित संत फ्रांसिस चर्च में शॉर्ट सर्किट से चर्च में आग लग गई. चर्च के लोगों ने बताया कि दोपहर बाद तीन बजे चर्च में आग जलते देखा. आग पर काबू पाने के लिए दमकल को सूचना दी गई. फिर आग पर काबू पा लिया गया. इसमें चर्च का दरवाजा, खिड़की और कुर्सियां जलकर राख हो गईं.

### कृषि प्रसंस्करण व्यवसाय की मिलेगी जानकारी

**रांची।** एफजेसीसीआई की कृषि बागवानी और कृषि ग्रामीण उद्योग समिति द्वारा बुधवार को दोपहर 2 बजे चैंबर भवन में कार्यशाला का आयोजन होगा. यह कार्यशाला समिति द्वारा राज्य में कृषि बुनियादी ढांचे, कृषि उद्योग और प्राथमिक कृषि प्रसंस्करण व्यवसाय को बढ़ावा देने और झारखंड की सामाजिक आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है. इसमें प्रदेश के सभी इच्छुक उद्यमियों और लाभार्थियों को इस आकर्षक और आवश्यक व्यवसाय को शुरू करने के लिए आमंत्रित किया गया है. जहां वे पूरी जानकारी लेकर और प्रक्रिया को समझ सकते हैं. कार्यशाला पंजीकरण शुल्क रु 500 रुपये है.

## नगर भ्रमण को निकले खाटू नरेश, इंद्र ने बरसायी आशीष

# शोभायात्रा में लहराया 1008 निशान, गूंजा जय श्रीश्याम



### पवन और पंकज रास्ते भर बहाते रहे श्रीश्याम भक्ति की धारा

संवाददाता। रांची

श्रीश्याम मित्र मंडल के 52वें स्थापना दिवस, रंग रंगीलो फागण महोत्सव पर सोमवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गयी. इसमें 1008 निशान के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. स्थानीय और बाहर से आये कलाकारों ने भक्ति के तराने छेड़ी तो भक्तों का तन-मन पुल्कित हो उठा. कोलकाता से आये मंदिरा डांस ग्रुप के कलाकारों संग श्रद्धालु नाचते-झूमते रहे. स्थानीय भजन गायक पवन शर्मा और धनबाद से आये पंकज मोदी भी यात्रा के दौरान भक्ति रस की सरिता बहाते रहे.

▪ मंदिरा डांस ग्रुप ने राधा-कृष्ण का रूप धर कर दी मनमोहक प्रस्तुति

मारवाड़ी भवन हरमू रोड से दिन के ढाई बजे यात्रा की शुरुआत हुई. श्रद्धालु पीतांबर निशान लहराते निकले, तो वातावरण जय श्रीश्याम के जयकारों से गूंज उठा. आगे-आगे तासा पार्टी वाले भक्ति रंग जमाते बढ़े. पीछे से राजस्थानी डफली के साथ फतेहपुर के मुन्ना और राजू की टीम ने देशज अंदाज में मेवाड़ की माटी की खुशबू बिखेरते साथ हो लिए.



**दे रहे योगदान :** अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पंकज गाड़ोदिया,आदित्य लोहिया, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनौली, पूर्व सांसद अजय मारू, संतोष सरावगी, राजीव मित्तल, सुनील सरावगी, वेद भूषण जैन, कौशल चौधरी, रतन शर्मा, अनुज मोदी, अमित सरावगी, कमलेश सावा, कमल बिश्नोई, अंकित सिंह, मनोज खेतावत, आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

### 21 मार्च तक रहेगी उत्सव की धूम

श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में 21 मार्च तक रंग रंगीलो फागण महोत्सव की धूम रहेगी. महोत्सव संयोजक मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि मंगलवार को श्रीसुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ होगा. 20 मार्च को दिन के दस बजे बाबा की प्रातः कालीन ज्योति प्रज्जवलित की जायेगी. रात साढ़े नौ बजे से एकादशी जागरण चलेगा. उन्होंने बताया कि 21 मार्च को बाबा की बड़ी द्वादशी की ज्योति प्रचलित होगी. खाटू नरेश का श्रृंगार-पूजन और खीर-चूरमा का भोग लगाया जायेगा. साथ ही 105वां श्रीश्याम भंडारा का प्रसाद बांटा जायेगा. शाम छह बजे से भजन संकीर्तन होगा.



इनके बाद दो वाहनों पर सवार कलाकार विविध वाद्ययंत्रों पर भजन गायक संगत करते हुए बढ़ रहे थे. पीछे से दो कतारों में निशानधारी श्रद्धालुओं की लंबी कतार थी. बीच में कलाकारों की टोली मनमोहक प्रस्तुति से सबको झुमाते हुए चल रही थी. अंत खाटू नरेश का सजा रथ सरक रहा था. रथ पर विराजमान प्रथम महामंत्री अन्य सदस्यों के साथ राहगीरों के बीच पूरे रास्ते प्रसाद बांटते रहे. यात्रा जैसे ही हरमू रोड, गोरखनाथ लेन, महावीर चौक से गुजरकर गांधी चौक के नजदीक पहुंचा, बूंदा-बांदी से शुरू हुई, फिर बारिश झमाझम. श्रीश्याम के भक्तगण इसे इंद्र देव का आशीष मान, भीगते हुए यात्रा पूरी की. शाम पौने पांच बजे वापस मंदिर लौटने के बाद खाटू नरेश की आरती उतारी गयी.

### आठ साल का उसैद पाबंदी से रख रहा है रोजा




**रांची।** आजाद हिंद नगर निवासी मो. जफर का 8 वर्षीय बेटा उसैद बिन जफर पिछले 2 वर्षों से रोजा रख रहा है. उसैद पुंदाग स्थित दारउल अरकम स्कूल में कक्षा तीसरी का छात्र है. पिछले वर्ष बच्चे ने 22 रोजा रखा था. इस वर्ष के अबतक के सारे रोजे रखा है. कहा कि इस बार सारे रोजे रखने का इरादा किया है. उसैद रोजा रखने के साथ नमाज का एहतेमाम (पालन) भी करता है. मां-बाप की सीख को जीवन में उतारने की कोशिश कर रहा हूं. अधिवक्ता नसर इमाम की पुत्री नमरा इमाम छह साल से रोजा रख रही है. अब वह 8 साल की हो गई है. नमरा कांके स्थित अलोन्स ड्रीमकैचर स्कूल की कक्षा तीन की छात्रा है. नमरा ने कहा कि चाचा, दादा-दादी व बड़े पापा के संस्कार हैं, रोजा नमाज. उन्हीं के बताये मार्ग का पालन कर रही हूं. बच्ची के दीनी जज्बे से घर परिवार के सारे सदस्यों में खुशी की लहर है.

### रिम्स में मेडिक्लेम के लिए नई व्यवस्था शुरू

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में मरीजों की समस्याओं को देखते हुए रिम्स प्रबंधन ने मेडिक्लेम या एलआईसी बीमा क्लेम के लिए दस्तावेजों की व्यवस्था को सरल बना दिया है. नयी व्यवस्था के तहत मरीज को बीमा क्लेम के लिए सिर्फ जरूरी कागजात के साथ एक एप्लीकेशन फार्म भरकर जमा करना है. इसके बाद रिम्स प्रबंधन कागजात की जांच कर आपको इलाज व उससे जुड़े सभी कागजात उपलब्ध करा देगा. इन कागजात के दम पर मरीज मेडिक्लेम या एलआईसी इंश्योरेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे. उल्लेखनीय है कि रिम्स में बीमा से जुड़े किसी भी काम के लिए लोगों को काफी भटकना पड़ता है. अब रिम्स में काउंटर नंबर आठ को इसके लिए खोल दिया गया है. जहां पर कोई भी व्यक्ति छुट्टी का दिन छोड़कर कभी भी आवेदन जमा कर अपनी समस्या का समाधान कर सकेगा. बता दें कि मेडिक्लेम या एलआईसी बीमा क्लेम के लिए जरूरी फार्म मरीज रिम्स के वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं.

## न्यूज अपडेट

### मानद उपाधि से सम्मानित हुए डॉ बीपी कश्यप



**रांची/कोलकाता।** कलकाता में आयोजित अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में झारखंड रांची के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी. कश्यप को विट्रियो- रेटिना के क्षेत्र में फाइको की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया. यह सम्मान उन्हें रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान के सेक्रेटरी स्वामी नित्याकामानंदा के द्वारा प्रदान किया गया. यह मानद उपाधि देश के चुने हुए विट्रियो- रेटिना सर्जन्स को उनके रेटिना के क्षेत्र में किए गय कामों के सम्मान के लिए दी जाती है. बता दें कि 1984 में डॉ. बीपी कश्यप ने झारखंड (तब बिहार) में पहली बार रेटिना ट्रीटमेंट की शुरुआत की थी. उस समय वह समूचे बिहार के इकलौते रेटिना सर्जन थे. 1984 से लेकर 2004 तक, वे झारखंड और बिहार के इकलौते रेटिना सर्जन रहे. आज झारखंड में रेटिना के क्षेत्र में जितनी भी नई तकनीके, मशीनें, ट्रीटमेंट पद्धति, रिसर्च, प्रशिक्षण इत्यादी मौजुद हैं, झारखंड में सबको लाने का श्रेय, सिर्फ डॉ. बीपी कश्यप को जाता है.

### प्रश्न पत्र लीक का भंडाफोड़ करे सरकार : बंधु



**रांची।** पूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में अनेक परीक्षा केंद्रों में कथित पेपर लीक के मामले में सरकार एक्सन ले. बंधु तिर्की ने कथित पेपर लीक के मामले को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सुनियोजित आपराधिक साजिश बताया. उन्होंने कहा कि पूरे मामले में सरकार तेजी से कार्रवाई करते हुए अपराधियों की जल्द गिरफ़्तारी करे. इस तरह की घटनाओं से एक ओर झारखंड के लाखों छात्र-छात्राओं, युवाओं का भविष्य बर्बाद होता है तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश की छवि भी धूमिल होती है. यदि यह मामला सही है तो इसकी गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिये. ऐसी साज़िश रचनेवालों के चेहरे से नक़ाब हटाने की भी जरूरत है. तिर्की ने कहा कि हर हाल में ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अलग रखा जाना चाहिये, क्योंकि वैसे संगठनों को जिम्मेदारी देना अपने-आप में दुर्भाग्यपूर्ण होगा. इस मामले में सरकार को किसी भी हाल में किसी के प्रति भी कोई रियायत नहीं बरतनी चाहिये. तिर्की ने कहा कि भाजपा और उसके नेता केवल अपने स्वार्थ में अंधे होकर झारखंड में झूठा नैरेटिव गढ़ने का काम कर रहे हैं. नकारात्मक तत्वों के साथ या तो मिले हुए हैं या फिर उनकी भी मिलीभगत है. सरकार को इस मामले में भी जांच करनी चाहिये.

### पीएमएवाई-जी के प्रभाव पर हुआ मंथन

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ. यह सीयूजे के अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग द्वारा पीएमएवाई-जी के प्रभाव मूल्यांकन पर विषय को लेकर आयोजन किया गया. यह कार्यशाला आईसीएसएसआर प्रायोजित अल्पकालिक अनुभवजन्य अनुसंधान परियोजना के परिणामों का प्रसार करने के लिए आयोजित की गई थी. कार्यशाला का विषय झारखंड के तीन जिलों- पाकुड़, गिरिडीह और चतरा में गरीबी और असमानता उन्मूलन में सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम की प्रभावशीलता को मापना ग्रामीण झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना का अध्ययन था. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डब्लयूएचओ के राज्य समन्वयक डॉ. अभिषेक पॉल मौजूद थे.

### ब्रिजफोर्ड स्कूल में विज्ञान, कला प्रदर्शनी आयोजित

**रांची।** स्वामी सजहानंद ब्रिजफोर्ड स्कूल, धुर्वा में विज्ञान, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी सोमवार को आयोजित की गई. इसमें कक्षा प्री नर्सरी से लेकर कक्षा छह तक के बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया. अपनी प्रतिभा दिखाई.प्रधानाध्यापिका गुंजन भसीन ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया. कहा कि ऐसे आयोजन से छात्रों में विज्ञान एवं कला के प्रति रुचि बढ़ती है. ऐसी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में रचनात्मक शैली के विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता है.

### परमेश्वर के दुख भोग में शामिल होने के लिए बजाते हैं घंटी

**रांची।** मसीही समुदाय में चालीसा काल काफी महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है. इस काल में कलिसिया 40 दिनों तक परमेश्वर का दुखभोग की याद करते हैं. उपवास काल में दैनिक कार्य में एक दिन ऑफिस नहीं जाना, मोबाइल गैजेट से दूर रहना, टीवी नहीं देखना, एक दिन भूखे रहना और बुरी चीजों से दूर रहना आदि शामिल किया जाता है. बता दें कि बेथेसदा कम्पाउंड में 40 मसीही परिवार रहते हैं. लोगो को परमेश्वर का दुखभोग में शामिल होने के लिए गली-गली में तीन बार घंटी बजायी जाती है. इसके लिए टोला के दो लोगों का चयन किया जाता है.

# दसनाम गोस्वामी समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

संवाददाता। रांची

अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज, झारखंड का होली मिलन समारोह रविवार को कडरू स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया. होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोग सपरिवार शामिल हुए. समाज की महिलाओं एवं युवतियों की संख्या उत्साहित करने वाली थी. दसनाम गोस्वामी समाज के प्रदेश महासचिव एसएन भारती ने मिलन समारोह को संबोधित किया. कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए एकजुटता सबसे महत्वपूर्ण है. जिस किसी भी समाज के लोग बिखरे हैं उस समाज का विकास असंभव है. साथ ही उस समाज को हासिये पर खड़े रहने को विवश रहना पड़ेगा. समाज के विकास के लिए चलाई जाने वाली गतिविधियों में महिलाओं एवं युवतियों के रूचि लेने एवं बढ़-चढ़कर भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की. एसएन भारती ने कहा कि किसी भी घर या परिवार की तरह किसी भी समाज को संवारने में मातृशक्ति की अहम भूमिका होती है.

# संत सदानंद ने भक्तों संग खेली होली

संवाददाता। रांची



श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा समिति के होली मिलन समारोह में भाग लेने संत सदानंद जी खास तौर से आये. सोमवार को शाम चार बजे यहां पहुंचने पर अनुयायियों ने अपने सद्गुरु का चंदन-वंदन कर स्वागत किया. इसके बाद संस्था के सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम, पुंदाग में होली मिलन समारोह हुआ. संतश्री ने भक्तों संग फूलों की होली खेली. मौके पर आशीर्वचन प्रदान करते हुए लोगों को ज्ञानात्मक बातें बतायीं. प्रह्लाद और होलिका प्रसंग का उल्लेख करते हुए भक्ति का मर्म समझाया. कहा कि होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है. धर्म भले थोड़ा परेशान होता है, लेकिन अंत में धर्म की ही जीत होती है. उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पर पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है. हमारे बच्चे विदेशी रहन-सहन की ओर आकर्षित हो रहे हैं. ऐसे में नन्नहें-मुन्नों को देशभक्ति और भारतीय संस्कृत के प्रति जागरूक करने की जरुरत है. अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, सरिता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल और अंशुल अग्रवाल ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया.

**परिचर्चा** | कहानी कला एक तरह से झूठ का आख्यान है, जिसे सच की तरह कहा जाता है

# कहानी कला की महत्ता पर रचनाकारों ने डाली रोशनी

संवाददाता। रांची

शब्दकार के तत्वावधान में रश्मि शर्मा के आवास पर कहानी के कहन पर परिचर्चा हुई. इसमें प्रसिद्ध साहित्यकार एवं पत्रकार प्रियदर्शन तथा प्रतिष्ठित कहानीकार व आकाशवाणी रांची में कार्यरत पंकज मित्र भी शामिल हुए. इसमें रांची के रचनाकारों ने कहानी एवं रचना शिल्प के विषय में दोनों अतिथियों से तरह-तरह के प्रश्न पूछे.

उन्होंने कहानी कला का आरंभ, इतिहास एवं उसके शिल्प पर तरह-तरह के आख्यानों एवं उदाहरणों द्वारा उपस्थित रचनाकारों की जिज्ञासाओं को शांत करने की कोशिश की.



प्रियदर्शन ने इस विषय में अनेक देसी एवं विदेशी कहानीकारों एवं कवियों के बारे में चर्चा करते हुए उपस्थित लोगों से एक सार्थक संवाद स्थापित किया. उन्होंने बताया कि कहानी कला एक तरह से झूठ का आख्यान है, जिसे सच की तरह कहा जाता है. इसमें विभिन्न कालखंड में रची गई कहानियों के विषय में चर्चा की. उन्होंने न केवल कहानी कला के महत्ता पर रोशनी डाली बल्कि किस प्रकार कहानी रचा जाना चाहिए, उसमें किस तरह का संतुलन होना चाहिए इस पर चर्चा की.

**जुटे कहानीकार**

- रचनाकारों से रचना शिल्प के विषय में सवाल पूछे गए
- प्रियदर्शन ने विदेशी कहानीकारों एवं कवियों के बारे में चर्चा की

साथ ही पात्रों का आपस में किस प्रकार का तादात्म्य होना चाहिए, इन सब बातों पर भी चर्चा की. उन्होंने बताया कि कहानी को पाठकों के मन में स्थापित करने के लिए अविश्वसनीय घटनाओं को भी किस प्रकार विश्वसनीय ढंग से कसा जाना चाहिए कि कल्पना यथार्थ पर हावी न हो. वहीं पंकज मित्र ने भी यथार्थ, कल्पना एवं फैंटेसी के बीच के अंतर और इस अंतर को पाटने के लिए एक सम्यक संतुलन स्थापित करने की बाकत कही. कहा कि किस प्रकार से यथार्थ को एकदम से यथार्थ की भांति न कहकर उसे एक प्रकार के गल्प में गढ़े जाने की बात की जाय, ताकि वह अपने पाठकों से जुड़े और पाठक एक सांस में उस कहानी को पढ़ता चला जाए. उन्होंने बताया कि पात्रों की पहचान और उनकी सुसंगतता तथा उनके बीच एक सहज तालमेल हो.

# संस्कार भारती के होली मिलन समारोह में उड़े अबीर-गुलाल



संवाददाता। रांची

संस्कार भारती रांची इकाई की ओर से चुटिया स्थित कृष्णा एपार्टमेंट में बसंतोत्सव होली मिलन एवं संगीत समारोह हुआ. इस अवसर पर अवनींद्र कुमार सिंह ने होलियाना अंदाज में अपनी पंक्तियों से वातावरण को भिंगोया. सुजाता मजुमदार के साथ सामूहिक संस्कार भारती ध्येय गीत से कार्यक्रम शुरु हुई. इसमें जेपी सिंह ने द्रुत एकताल, तीन ताल तथा होरी गीत, दीपचंदी ताल आवद्ध प्रस्तुत किया. सुजाता ने दादर में होरी गीत, उपेंद्र चौधरी राम का भजन, राम नरेश सिंह तबला में संगत, ललन राय तबला में संगत तथा प्रमिला कपूर ने सुंदर भजन की प्रस्तुति की. इनके अलावा डॉ रजनी चंदा ने अपनी खूबसूरत स्वरचित कविता से झुमाया.

